हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार, 16 जून 2025

11 स्नातक कक्षाओं में दाखिलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

12 रेखाचित्र के माध्यम से किया पिता पुत्र के प्यार को प्रदर्शित






झज्जर। शहर के सीताराम गेट क्षेत्र में हुए जलभराव के बीच से गुजरते हुए वाहन, शहर के भट्ठी गेट क्षेत्र में हुए जलभराव के बीच गुजरती महिलाएं व शहर के अंबेडकर चौक और मेन बाजार में हुए जलभराव से गुजरते हुए वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि

# जल निकासी व्यवस्थाओं की खुली पोल, प्री मानसून की हल्की बरसात से सड़कें जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

प्री मानसून की पहली बरसात ने ही प्रशासन की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। रविवार सुबह करीब आधे घंटे तक हुई हल्की बारिश के बाद ही शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। जिसके कारण वाहन चालकों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि यह स्थिति शहर के अधिकांश क्षेत्रों में दिखाई दी, लेकिन सीताराम गेट क्षेत्र में सांपला मार्ग पर राव मंगली राम पार्क के सामने और छिकारा चौक से धौड़ चौक जाने वाले मार्ग पर सांय तक पानी जलभराव रहा।

लोगों का कहना है कि महज आधे घंटे की हल्की बरसात में ही शहर की सड़कों की यह हालत है तो आगामी मानसून के दिनों में शहर की क्या हालत होगी। उधर, बरसात के कारण मौसम सुहाना हो गया और कई दिनों से चिलचिलाती धूप से परेशान लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। रविवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। उधर, क्षेत्र के गांव धौड़ सहित कई गांवों में तेज बारिश हुई। किसानों का कहना है कि धान फसल की बिजाई में बरसात सहायक साबित होगी।



झज्जर। गर्मी से राहत पाने के लिए बरसात का लुत्फ उठाते हुए बालक। फोटो : हरिभूमि

## गांवों में बारिश और शहर में सूखा

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

रविवार को बहादुरगढ़ का ग्रामीण अंचल बारिश से तर हुआ। जबकि शहर में सूखा बरकरार रहा। गांव खरहर, भापड़ौदा, रोहद आदि में झमाझम बारिश हुई। हालांकि शहर में भी बादल छाए रहे और फुंहारों के साथ ठंडी हवाओं ने मौसम को खुशनुमा बना दिया।

बता दें कि कई दिन से अधिक गर्मी और तेज धूप ने लोगों की हालत खराब कर रखी थी। रविवार अलसुबह तक सब कुछ वैसा ही चल रहा था। मगर सुबह 9 बजे के बाद बादल छाए और गांव खरहर, रोहद व भापड़ौदा आदि में झमाझम बरसात हुई। गांव की गलियों में बरसाती पानी भर गया। शहर में बरसात तो नहीं हुई लेकिन बादल और फुंहारों ने मौसम को कुछ देर के लिए खुशनुमा बना दिया। इससे लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिली। इस साल का मौसम लोगों की समझ से परे है। मई महीने में भी कई बार मौसम बदलने से लोग भीषण गर्मी से बचे रहे थे। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



बहादुरगढ़। रविवार को गांव खरहर की सड़क पर भरा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कानों के बाले उड़ाने वाले दो गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** थाना शहर इलाके में एक महिला को बातों में उलझाकर उसके कानों के बाले ले उड़ाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसएअचो दिनकर ने बताया कि नेहरू पार्क निवासी महिला 28 अप्रैल को घर का सामान लेने बाजार जा रही थी। एक आदमी व एक महीला उसके पीछे थे। उन्होंने रास्ते में थकने पर बैठने की सलाह दी। इन बातों में उलझाकर दोनों उसके कानों के बाले लेकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने इस मामले में श्यामलाल निवासी गुजरात और प्रेम निवासी उत्तर प्रदेश को काबू किया है।

### चोर गिरफ्तार और सामान बरामद

**बहादुरगढ़।** थाना लाइनपार पुलिस ने निजामपुर रोड पर एक गोदाम हुई चोरी की वारदात को सुलझा लिया है। एसएचओ पवन वीर ने बताया कि दयानंद की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था। चोर ने रात के समय गोदाम के गेट का ताला काटकर पीवीसी ग्राइंडिंग के 85 कट्टे चोरी कर लिए थे। पुलिस ने अशोक निवासी बिहार को पकड़ा है। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर चुराया गया सामान बरामद किया गया।

### रेलवे पार्किंग में मिला बुजुर्ग का शव

**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन के नजदीक पार्किंग में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना शनिवार देर शाम की है। दरअसल, यहां पार्किंग में एक व्यक्ति बेसुध हालत में देखा गया। सूचना पाकर जीआरपी टीम ने उसको संभाला और अस्पताल ले गई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र 60 वर्ष आंकी जा रही है।

### हरिद्वार में फुले के नाम पर बने घाट

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने हरिद्वार के भाजपा विधायक मदन कौशिक से मुलाकात कर महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम से गंगा पर घाट बनाने की मांग की है। विधायक मदन कौशिक ने हरिद्वार नगर निगम बोर्ड में प्रस्ताव भेजकर यह काम जल्द करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर धर्मबीर सैनी, हरीश सैनी, जीवन, सुभाष व नीरज आदि मौजूद थे।

### तीन साल के लंबे इंतजार के बाद ग्रामीणों ने चुनी अपनी पंचायतें

# बादली में आनंद नीटू, पाहसौर में गीता व एमपी माजरा में कोमल बनीं सरपंच

बादली में सरपंच पद के लिए आनंद नीटू गुलिया, तेजपाल गुलिया, नेपाल सिंह, साहिल और मंदीप मैदान में थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बादली

तीन साल के लंबे इंतजार के बाद बादली, पाहसौर और एमपी माजरा के ग्रामीणों ने अपनी पंचायतें चुन ली हैं। गांव बादली में भाजपा के मंडल महामंत्री आनंद गुलिया उर्फ नीटू ने 355 वोटों से जीत हासिल की। गांव पाहसौर में गीता 134 वोटों से विजयी हुई। गांव एमपी माजरा में कोमल 120 से वोटों से जीती।

बादली में सरपंच पद के लिए आनंद नीटू गुलिया, तेजपाल गुलिया, नेपाल सिंह, साहिल और मंदीप मैदान में थे। बादली गांव में आनंद नीटू को 3657 और तेजपाल ठेकेदार को 3302 वोट मिली। इस तरह नीटू ठेकेदार 355 वोटों से विजयी हुए।

एमपी माजरा में कोमल, पूजा व रेखा रानी में मुकाबला था। कोमल को 232 वोट मिली और रेखा रानी को 112 वोट हासिल हुई। कोमल ने 120 वोटों से जीत हासिल की। पाहसौर में गीता, सोनू, कविता, बिंदिया व बंटी सरपंच पद की प्रत्याशी थी। गीता को 373 और बिंदिया को 239 वोट मिली। गीता ने 134 वोटों से जीत हासिल की।

बता दें कि फरवरी 2022 में इन तीनों गांवों को शामिल कर नगर परिषद बना दी गई थी। लेकिन ग्रामीणों ने इसका मुखर विरोध किया। इसके बाद जनमत संग्रह हुआ और नगर परिषद वाली अधिसूचना करीब 8 महीने बाद निरस्त हो गई थी। अब 3 साल के इंतजार के बाद तीनों गांवों में रविवार को चुनाव संपन्न हुए। बादली में 11 बूथों पर 10 हजार 536 मतदाता थे, जिनमें से 7129 ने मतदान किया। पाहसौर में 2 बूथों पर 1272 वोट थी, जिनमें से 933 ने मतदान किया। गांव एमपी माजरा में एक ही बूथ पर 423 मतदाताओं थे, जिनमें से 146 ने मतदान किया।



बहादुरगढ़। रविवार को वोट डालने के लिए कतारों में लगे मतदाता। फोटो : हरिभूमि

**17 पंचों का चुनाव**

तीनों गांवों में पंचों के 34 पद थे। इनमें से 17 पंच निर्विरोध चुने जा चुके हैं। जबकि 17 रविवार को हुए मतदान में चुने गए। एमपी माजरा में सभी 6 वार्डों के सदस्य का चुनाव निर्विरोध हो गया था। जबकि बादली में कुल 20 में से 5 वार्डों और पाहसौर में 8 में से 6 वार्डों का चुनाव निर्विरोध हो गया था।



बहादुरगढ़। मतदान केंद्र पर जायजा लेते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल व एसडीएम सतीश यादव। फोटो : हरिभूमि

## डीसी व एसडीएम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

- बादली, पाहसौर और एमपी माजरा गांवों में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ मतदान

**बादली।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने रविवार को गांव बादली, पाहसौर और एमपी माजरा में बनाए गए पोलिंग स्टेशनों का दौरा कर मतदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बादली सतीश कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीसी ने मतदान केंद्रों पर मौजूद अधिकारियों व सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी करते हुए अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया। डीसी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से आरंभ हुई और शाम 6 बजे शांतिपूर्वक संपन्न हुई। मतदान के तुरंत बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो गई। सभी मतदान केंद्रों पर मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। उड़नदस्ते व सेक्टर मजिस्ट्रेट की टीमें सतर्कता से निगरानी करती रही।

## बहादुरगढ़ के 4 युवा बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट



बहादुरगढ़। सूर्यकांत, मयंक, सुशील व साहिल।

**बहादुरगढ़।** क्षेत्र के चार गांवों के युवा अब सेना में अफसर बनकर देश का नाम रोशन करेंगे। गांव मांडोठी, आसौदा, जाखौदा व डाबौदा कलां के रहने वाले चारों युवक दलाल गोत्र से संबंधित हैं। शनिवार 14 जून को चारों युवाओं की देहरादून आईएमए में पासिंग परेड हुई। इसके साथ ही चारों अब भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर सेवाएं देंगे। बता दें कि गांव मांडोठी निवासी भानु प्रताप का पुत्र सूर्यकांत दलाल नेशनल डिफेंस एकेडमी के माध्यम से सेना में लेफ्टिनेंट बना है। उसने बहादुरगढ़ के पीडीएम पब्लिक स्कूल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। गांव आसौदा के चांद सिंह का पुत्र मयंक दलाल भी एनडीए से पासआउट होने के साथ ही सेना में लेफ्टिनेंट बना है। मयंक ने बहादुरगढ़ के सेंट थॉमस स्कूल से 12वीं पास की थी। गांव जाखौदा के कुलदीप सिंह का पुत्र साहिल दलाल भी कंबाइंड डिफेंस सर्विस के माध्यम से सेना में लेफ्टिनेंट बना है। साहिल ने बहादुरगढ़ के एचआर सेंच्युरी स्कूल से स्कूली शिक्षा ग्रहण की थी। वहीं डाबोदा कलां गांव के बलजीत सिंह का पुत्र सुशील दलाल ईएमई में सिपाही था और परीक्षा देकर स्पेशल कमिशन के माध्यम से सेना में ही ऑफिसर बना है। इन चारों युवाओं इंडियन मिलिट्री एकेडमी देहरादून से ट्रेनिंग पूरी की है। शनिवार 14 जून को हुई पासिंग आउट परेड के बाद ये चारों भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त हुए हैं। 4 गांवों के ये युवा अब भारतीय सेना में अफसर के रूप में देश की सेवा करेंगे। इनकी उपलब्धि से दलाल गोत्र के साथ ही पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है।

**विधायक ने किया लेफ्टिनेंट साहिल का सम्मान**

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने भारतीय सेना में नवनियुक्त लेफ्टिनेंट साहिल दलाल का रविवार को स्वागत व सम्मान किया। उन्होंने साहिल के साथ उसके पिता कुलदीप दलाल का जाखोदा गांव पहुंचने पर फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साहिल का चयन लेफ्टिनेंट के पद पर मैकेनाइज्ड इंफेंट्री 17 गाड्र्स में हुआ है और पोस्टिंग बाड़मेर में हुई है। एयरफोर्स से रिटायर विधायक राजेश जून ने कहा कि हरियाणा वीरों की भूमि है। उन्होंने साहिल के साथ उसके परिजनों को भी बधाई दी।

## गाटर-टुकड़ी से भरी ट्राली पलटी, दबने से राजमिस्त्री की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गांव भूरावास में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने के कारण एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव निवादा निवासी करीब 55 वर्षीय जगदीश पुत्र रामपत के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जगदीश राजमिस्त्री का कार्य करता था। निवादा गांव में वह एक मकान निर्माण कार्य में जुटा था जिसके लिए वह रविवार को कोसली से ट्रैक्टर-ट्राली में गाटर-टुकड़ी आदि सामान लेकर आ रहा था। जब वे दोपहर करीब एक बजे भूरावास गांव के नजदीक पहुंचे तो अचानक ट्रैक्टर-ट्राली का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई जिसके चलते टुकड़ियों पर बैठा जगदीश उसके नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। पुलिस द्वारा मृतक के पुत्र सोमबीर के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई में करते हुए पुलिसकर्मी।

### पेड़ से टकराई कार, चालक की मौत

**झज्जर।** गांव जहाजगढ़ के जलघर के नजदीक हुई एक सड़क दुर्घटना में बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव वजीरपुर निवासी करीब 44 वर्षीय सुधीर पुत्र महेंद्र सिंह के तौर पर हुई है। सुधीर अपनी कार में सवार होकर किसी कार्य से जहाजगढ़ जा रहा था। जब वह जलघर के नजदीक पहुंचा तो उसकी कार का संतुलन बिगड़ गया और वह पेड़ से जा टकराई। टक्कर लगने से जहां कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वहीं कार में सवार सुधीर ने भी मौके पर दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहगीरों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी जयपान सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र के बयान के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

## अवैध 40 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बादली।** एंटी नारकोटिक सेल की पुलिस टीम ने गाड़ी में अवैध रूप से शराब भरकर ले जाते हुए दो आरोपियों को काबू किया है। प्रभारी योमेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर केएमपी फ्लाईओवर के नजदीक गुभाना रोड बादली पर नाकाबंदी करके वाहनों की चेकिंग शुरू की गई थी। पुलिस ने गाड़ी रुकवाई तो उसमें 2 व्यक्ति मौजूद थे और गाड़ी में भारी मात्रा में शराब की पेटियां भरी हुई थी। पुलिस ने साहिल निवासी रिढाउ सोनीपत और सुमित निवासी हलालपुर सोनीपत को काबू किया। चेक करने पर गाड़ी में अंग्रेजी शराब की 40 पेटियां बरामद हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाना बादली में मामला दर्ज किया गया।



बहादुरगढ़। स्कोर्पियो गाड़ी में बरामद हुई अवैध शराब की पेटियां। फोटो : हरिभूमि

## अब एक जुलाई को खुलेंगे कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बेशक सिविल कोर्ट की छुट्टियां एक जून से चल रही थी, लेकिन क्रिमनल कोर्ट में भी अब ग्रीष्म अवकाश शुरू हो गया। अब सिविल व क्रिमनल केसों की सुनवाई के लिए न्यायालय एक जुलाई को खुलेंगे। नए मामलों की सुनवाई के लिए अब केवल एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति होगी। जिसकी कोर्ट में आपराधिक मामलों में पकड़े गए आरोपियों को पेश किया जाएगा। अदालत की सिविल मामलों की कोर्ट 1 जून से बंद हो चुकी हैं, जो 30 जून तक बंद रहेगी और अब 16 जून से क्रिमनल मामलों की भी सुनवाई नहीं होगी। क्योंकि इनके ज्यूडिशियल ऑफिसर भी छुट्टी पर चले जाएंगे। अदालत में अब 1 जुलाई से ही दैनिक कामकाज शुरू होगा। बेशक क्रिमनल लॉयर को सिविल लॉयर के मुकाबले आधी छुट्टियां मिलती हैं, लेकिन उसके बाद भी वे उत्साह के साथ इन छुट्टियों का बखूबी आनंद उठाते हैं।



*बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश छिकारा के अनुसार गर्मी से राहत पाने के लिए ज्यादातर वकील खूबसूरत ठंडे इलाकों को चुन रहे हैं। इससे मौज मस्ती के साथ परिजनों की इच्छा भी पूरी हो जाएगी, क्योंकि स्कूलों में भी एक जून से छुट्टियां चल रही हैं। ऐसे में इस इस मौके को नहीं छोड़ना चाहते।*



*बार एसोसिएशन के प्रधान रविन छिल्लर ने बताया कि वकीलों को भी साल में एक बार ही परिवार के साथ लंबे टूर पर घूमने का मौका मिलता है। वे हर साल कोर्ट की छुट्टियों में तनाव दूर करने के लिए परिवार के साथ अलग-अलग जगह जाते हैं। छुट्टियां होते ही वे मित्रों के साथ पहाड़ों का रुख कर चुके हैं।*



## हरियाणवी पहनावा

हरियाणा का पारंपरिक पहनावा पुरुषों के लिए धोती, कुर्ता और पगड़ी, और महिलाओं के लिए घाघरा, चोली और चुंदड़ी है, जो राज्य की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाते हैं। हालांकि शहरी महिलाओं और पुरुषों में अब यह पहनावा कम ही देखने को मिलता है। युवाओं में तो आधुनिक वेशभूषा का ही क्रेज हैं। स्कूल व कॉलेजों के सांस्कृतिक समारोहों में जरूर यह पारंपरिक पहनावा देखने को मिल जाता है।

# हमारी योग पद्धति का दुनिया में बज रहा डंका

**भारत सरकार ने योग और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए हरियाणा के कई युवाओं को विदेशों में भेजा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर प्रस्ताव रखा था, जिस पर 177 देशों ने सहमति दी थी। इसके तहत 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और यह आज तक बदस्तूर जारी है।**

**भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं। वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।**

योग और संस्कृति

**राज कुमार नरवाल**

योग स्वस्थ तन एवं मन की प्राप्ति के लिए की जाने वाली एक क्रिया है। योग एक अत्यंत आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक अभ्यास है, जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी। भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं।

वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। साल 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। जिस पर 177 देशों ने अपनी सहमति जताई थी। 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। तब से हर साल 21 जून को दुनियाभर के देशों में योग दिवस जोश के साथ मनाया जाता है। हरियाणा में भी प्राचीन समय से ही योग की परंपरा रही है। शुरू से ही यहां पर कसरत, कबड्डी व कुश्ती जैसे क्रिया कलाप होते रहे हैं। यहां तक कि शिक्षा के केंद्रों में भी विद्यार्थियों को इनका अभ्यास करवाया जाता रहा है। हरियाणा के लोगों को बचपन से ही शारीरिक श्रम करने का शौक रहा है। आज भी हरियाणा के अनेक खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।



कुरुक्षेत्र के अजय राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं।

## विदेशों में योग सिखा रहे हरियाणवी

हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से कई योग शिक्षक विदेशों में इंडियन कल्चर डिप्लोमैट के तौर पर योग और भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। महम के खरकड़ा गांव से डॉ. सोमवीर आचार्य सुरीनेम में भारतीय योग दर्शन, हिंदी, संगीत, नृत्य आदि का फैलाव कर रहे हैं। डॉ. सोमवीर आचार्य ने बताया कि कुरुक्षेत्र के अजय कुमार राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, मोन्सट्रेट आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं। अजय कुमार राठी इससे पूर्व रूस और चीन में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इससे पहले भारत सरकार ने पानीपत के कवि गांव निवासी डॉ. देवेंद्र सिंह को हांगकांग, फरीदाबाद के मनोज को स्पेन, झज्जर से जयवंती सिंह को स्लोवाकिया, झज्जर के आशीष गहलावत को सऊदी अरब, डीघल के राम अहलावत को रूस में, बरहाना से अजीत अहलावत को पोर्ट मोरेस्बई, मातनहेल गांव की बहु सोनू को बेल्जियम भेजा था। इनके अलावा भी हरियाणा के कई युवक युवतियां विदेशों में योग एवं प्राणायाम और भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करने में जुटे हैं



डॉ. सोमवीर आर्य (द्वितीय सचिव) सांस्कृतिक राजदूत, भारतीय राजदूतावास, सूरीनाम, दक्षिणी अमेरिका।



भारतीय संस्कृति और योग के शिक्षक रोहतक, (हरियाणा) निवासी डॉ. जसबीर उच्चायोग के आधिकारिक क्षेत्र अकरा, घाना में योग गतिविधि की देखरेख करते हैं।

## योग के मुख्य अंग

**यम :** सामाजिक आचरण (सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह)
**नियम :** व्यक्तिगत आचरण (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान)
**आसन :** शारीरिक मुद्राएं
**प्राणायाम :** श्वास नियंत्रण
**प्रत्याहार :** इंद्रियों को नियंत्रित करना
**धारणा :** एकाग्रता
**ध्यान :** चिंतन
**समाधि :** ध्यान की चरम अवस्था।

आज, योग एक लोकप्रिय व्यायाम और कल्याण पद्धति के रूप में दुनिया भर में जाना जाता है। योग का नियमित अभ्यास शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है, मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करता है, और समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है।

## योग प्रोटोकॉल में शामिल मुख्य बातें

**प्रार्थना :** योग अभ्यास की शुरुआत से पहले, शांति और सकारात्मकता के लिए प्रार्थना की जाती है.

**चालन क्रिया :** शरीर को वार्म-अप करने और लचीलापन बढ़ाने के लिए, गर्दन, कंधे, कमर, और घुटनों की चालन क्रियाएं की जाती हैं.

**आसन :** योग के मुख्य भाग में, विभिन्न आसन (जैसे खड़े होकर, बैठकर, पेट के बल, और पीठ के बल) किए जाते हैं.

**प्राणायाम :** सांस लेने की तकनीकें, जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, और शीतली, शरीर और मन को शांत करने के लिए की जाती हैं.

**ध्यान :** ध्यान के माध्यम से, एकाग्रता और मानसिक शांति प्राप्त करने का अभ्यास किया जाता है.

**संकल्प :** योग अभ्यास के अंत में, एक सकारात्मक संकल्प लिया जाता है, जो पूरे दिन के लिए प्रेरणा प्रदान करता है.

**शांति पाठ :** योग सत्र के समापन पर, शांति और सद्भाव के लिए शांति पाठ किया जाता है।

## कृष्ण, महावीर व बुद्ध ने भी योग का विस्तार किया

भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महाबीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतंजलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। इस रूप को ही आगे चलकर सिद्धपंथ, शैवपंथ, नाथपंथ, वैष्णव और शाक्त पंथियों ने अपने-अपने तरीके से विस्तार दिया।

## सामान्य योग प्रोटोकॉल में ये अभ्यास शामिल

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, सामान्य योग प्रोटोकॉल में प्रार्थना, योग आसन (जैसे ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, शवासन), प्राणायाम (जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली), ध्यान, संकल्प, और शांति पाठ जैसे अभ्यास सिखाए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल में इन अभ्यासों को शामिल किया गया है, ताकि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा दिया जा सके।



कविता

**डॉ. शील कुमार**



### भारत की हो जय जयकार

परम वैभवी भारत बणज्यआ,
संघ शक्ति का हो विस्तार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,
भारत की हो जय जयकार।।

ना भेद-भाव हो मन मैं,
ना मंदिर-कुआं न्यारा हो।
ना जात-पात हो दिल मैं,
बस सबका भाई चारा हो।
सामाजिक समरसता होज्या,
मिट ज्यागी सारी तकरार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

कुटुंब प्रबोधन करकै,
घर मैं सबनै सम्मान मिलै।
हों बालक आज्ञाकारी,
और देश-धर्म का ज्ञान मिलै।
टुटणै तै परिवार बचैंगे,
घर मैं बणे रहं संस्कार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

स्व का भाव जगाकै,
स्वदेशी का इब ध्यान करो।
स्वभाषा व संस्कृति,
महापुरुषों पै अभिमान करो।
उज्ज्वल अपणी परम्परां सैं,
जीवन का सैं ये आधार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

इब पाणी खूब बचाणा,
और प्लास्टिक दूर भगाणा सै,
पौधे नये लगाकै,
पर्यावरण बचाणा सै।
शुद्ध हवा और पाणी होज्या,
स्वस्थ रहैगा सब संसार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

हों यातायात के नियम,
चाहे बिजली फेर बचाणी हो।
सरकारी सम्पत्ति की,
हांम कदै करां ना हानि हो।
नागरिक के कर्तव्य निभावां,
भारत मां के पहरेदार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

रागनी

**भूपसिंह भारती**



### पेड़ ही पेड़ लगाओ

जग म्ह जीणे की खातिर, पौधे पांच लगाओ।
सूखी अर वीरान धरा नै, फेर तै हरी बणाओ।।

धरती की हम करा रूखाली, बण कै सच्चे माली,
फळ फुलां तै लदी रहै सै, म्हारी एक एक डाली,
फेर करी क्यूं नजर कुढ़ाली, हमनै काट बगाओ।

गहरी सीली छाया द्यॉं, अर देवां हम अन्न पाणी,
जीव जंतु संतान सगी रै, ना समझी कदे बिराणी,
कदे ना कदर पिछाणी, थम म्हारा गळ कटवाओ।

समझ नहीं थारै आई, हम धरती के आभूषण,
पर्यावरण नै शुद्ध करा, भई करकै दूर प्रदूषण,
पेड़ करै सबका पोषण, थम शोषण नै रुकवाओ।

सब बातां नै छोड़ कै सारे, मिल कै शपथ उठाओ,
पेड़ो की रखवाळ करो अर, पेड़ ही पेड़ लगाओ,
कहै 'भारती' पेड़ लगाकै, इणका संताप मिटाओ।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

केश विन्यास

**हरियाणवी महिलाओं की गौरवशाली पहचान चूंडा साफ-सुथरी और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक कहलाता था**

# चूंडा : विलुप्त होती एक हरियाणवी परंपरा



श्रृंगार

**आशा कुमारी**

हरियाणा की सांस्कृतिक परंपराएं जितनी गहरी हैं, उतनी ही आकर्षक भी हैं। लोकगीत, पहनावा, बोली और नृत्य के साथ-साथ यहाँ की स्त्रियों की सजने-संवरने की शैली भी समय-समय पर लोगों का ध्यान आकर्षित करती रही है। ऐसी ही एक विलुप्त होती परंपरा है 'चूंडा' बनाने की हेयरस्टाइल, जो कभी हरियाणा की पहचान और ग्रामीण स्त्रियों की शोभा मानी जाती थी।

### चूंडा क्या होता है?

चूंडा एक पारंपरिक हेयर स्टाइल थी जिसमें महिलाओं के बालों को अलग-अलग सेक्शनों में बाँटकर, बारीकी से छोटी-छोटी चोटियों में गूंथा जाता था। फिर उन सभी चोटियों को मिलाकर सिर के ऊपरी हिस्से पर एक गोल जूड़ा बनाया जाता था। इस जूड़े को सजाने और स्थिर रखने के लिए काले रंग के सूती धागों की मदद से बालों को बाँधा और लपेटा जाता था। ये काम गाँव की एक विशेष महिला जिसे 'नाण' कहा जाता था, करती थी। 'नान' वह स्त्री होती थी जो अनुभवी होती थी चूंडा बनाने में। हर गांव में एक-दो नाण होती थीं जो त्योहारों, शादी-ब्याह और विशेष अवसरों पर युवतियों और महिलाओं से उपहार भी प्राप्त करती थी। आप कह सकते हैं नाण पुराने ज़माने की ब्यूटीशियन होती थी। चुटिला जो काले सूती धागों से बनता था, का इस्तेमाल सबसे ज्यादा चूंडा बनाने के लिये होता था। शादी या त्योहार के अवसरों पर काले धागे जिनके छोर पे लाल, पीले, हरे जैसे रंगीन धागों को भी इस्तेमाल किया जाता था। बालों को बाँधकर आखिर में चूंडे को इन्हीं कपड़ों से लपेटकर एक साफ-सुथरी और सुंदर आकृति दी जाती थी।

### हर दिन नहीं धोए जाते थे बाल

उस समय बालों को जल्दी-जल्दी नहीं धोया जाता था। आमतौर पर महिलाएं सप्ताह में एक बार बाल धोती थीं, और बाकी दिनों में चूंडा बनाने की वजह से बाल धूल और गंदगी से सुरक्षित रहते थे। गूंथे हुए बाल उलझते नहीं थे, और न ही खुले बालों की तरह चेहरे पर आते थे। इस प्रकार चूंडा एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक था। हरियाणवी बोली में चूंडा को लेकर कई मुहावरे और कहावतें प्रचलित थीं। जैसे कि 'चूंडा पाड़ देना' जो लड़ाई की तीव्रता को दर्शाने के लिए प्रयोग किया जाता था।

### लोकनृत्य में चूंडे की प्रतीकात्मकता

आज भले ही महिलाएं रोज चूंडा न बनाती हों, लेकिन हरियाणवी नृत्य में यह आज भी जीवित है। नर्तकियाँ अपने सिर पर एक कोन जैसी आकृति (कार्डबोर्ड या कागज़ की बनी) रखती हैं, जो चूंडे का ही प्रतीक होती है।

यह न केवल एक सजावट होती है, बल्कि यह दर्शकों को हरियाणवी संस्कृति की जड़ों से जोड़ने का काम करती है। इसलिए फिल्मों में भी हरियाणवी पोषाक के साथ सिर पर चूंडे को दर्शाया जाता है। चूंडा बनाना अक्सर अकेले नहीं होता था। नाण जब महिलाओं के बाल बनाती थीं, साथ बैठकर गप्पें मारती थीं, लोकगीत गाती थीं और एक-दूसरे को गाँव की सारी खबरें देती थी। इससे शायद सोशल मीडिया की कमी कुछ पूरी होती होंगी। यह एक सामूहिकता का अनुभव था। इसमें आपसी रिश्ते भी मजबूत होते थे और परंपरा भी आगे बढ़ती थी। आज के समय में, जब जीवन की रफ्तार तेज हो गई है और फैशन ट्रेंड्स इंस्टाग्राम से तय होते हैं, ऐसे में चूंडा जैसी परंपराएं पीछे छूटती जा रही हैं। अब शायद ही किसी लड़की या महिला के सिर पर वह खूबसूरत चूंडा दिखता है, जो उसकी दादी या नानी कभी बनाती होंगी।



### संस्कृति की चोटी पर बंधी स्मृति

चूंडा न केवल एक जूड़ा होता था, बल्कि हरियाणवी स्त्री की गौरवशाली पहचान थी। यह बालों के सजने से कहीं ज्यादा, परंपरा, स्त्रीत्व और सौंदर्य का प्रतीक था। आज जब हम अपनी संस्कृति की ओर पुनः लौटने की बातें कर रहे हैं, तो हमें ऐसी छोटी-छोटी परंपराओं को भी संजोकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा।

### फिर से दिलानी होगी पहचान

हरियाणा के कलाकार चाहें तो अब चूंडा जैसी शैलियों को फिर से पहचान दिलाने की कोशिश कर सकते हैं? इसके लिए लोकनृत्य प्रशिक्षण, गांवों में आयोजित सांस्कृतिक मेलों और स्कूलों की लोककला कार्यशालाओं में चूंडा बनाना सिखाया जा सकता है। युवतियां भी अब इसे एक 'विंटेज हेयरस्टाइल' के रूप में देख सकती हैं।

# लोक साहित्य की वाचन परंपरा का खास महत्व : रविन्द्र रवि

कलाकार

**ओ.पी. पाल**

हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य को अपनी आवाज के जादू से नया आयाम देते आ रहे रविन्द्र कुमार रवि अनूठी साधना में जुटे हैं। मसलन कवि सम्मेलन, काव्य मंच, आकाशवाणी व टीवी चैनलों के माध्यमों से साहित्य की विधाओं को स्थान मिलता रहा है, लेकिन वह सोशल मीडिया पर साहित्य की वाचन-परंपरा का नया चितेरा बनकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं, जो करीब नौ वर्षों से हिंदी और हरियाणवी में अपनी कलम और आवाज के जादूगर के रूप में एक मजबूत व्यक्तित्व और बेहतरीन मंच संचालक के रूप में उभरे हैं।

अंग्रेजी शिक्षक एवं साहित्यविद्, लेखक एवं आवाज के जादूगर रविन्द्र कुमार रवि ने हरिभूमि संवाददाता से बातचीत के दौरान कई ऐसे तथ्यों को उजागर किया है, जिसमें वह अपनी वाचन कला की प्रतिभा के बल पर हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य की वाचन परंपरा को देशभर की रचनाधर्मिता से जोड़े हुए हैं। रविन्द्र कुमार 'रवि' का जन्म 18 जुलाई 1978 को हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गांव सुरेहली में फतेह सिंह और चंद्रकला के घर में हुआ। उनके पिता सेना में देश की सेवा में रहे तथा माता गृहणी के रूप में धार्मिक प्रवृत्ति के साथ परिवार को संस्कार देने में जुटी रही। परिवार में कोई साहित्यिक और सांस्कृतिक माहौल नहीं रहा, लेकिन बचपन से रेडियो सुनने के शौकीन रहे रविन्द्र रवि यादव लोक संस्कृति पर आधारित काव्य सृजन यानी काव्य मंचों पर तरन्नुम में मधुरकंठी काव्यपाठ से छाप छोड़ने में माहिर हैं। पठन पाठन, वाचन, संगीत सुनना, हिंदी हरियाणवी में लिखना उनकी अभिरुचि में समाया हुआ है। रवि ने नाहड़ के सरकारी कालेज से स्नातक, मोरनी हिल्स से जेबीटी की पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद छह वर्ष तक एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे। इनकी बाद में दिल्ली सरकार के स्कूल में अंग्रेजी के जेबीटी शिक्षक के तौर पर नियुक्ति हुई। इसके साथ ही वह अपने लोक साहित्य को नया आयाम देते हुए रचनात्मक कार्य में जुटे रहे। वर्ष 2016 में वे बोल हरियाणा के एक बड़े मंच से जुड़े और उनकी इस कला की प्रतिभा को ऐसे पंख लगे कि उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। बकौल रवि उन्होंने बोल हरियाणा देश के विभिन्न कोनों के वरिष्ठ रचनाकारों की चार सौ से ज्यादा लघुकथाओं तथा 'बोल किताबों ताई के' नामक शीर्षक से अपनी हरियाणवी रचनाओं की एक लंबी श्रृंखला को स्वर देकर विशिष्ट पहचान बनाई। अब तक वह करीब पांच सौ बोल किताबो ताई के लिख चुके हैं। फोटो आधारित इन छह पंक्तियों में हरियाणवी जीवन के हर पहलू को लिखने का प्रयास किया है। वहीं उन्होंने कोरोना काल में अपने उक्त स्थायी स्तंभों के अलावा एक चिट्ठी अपनों के नाम, माई लाइफ ड्यूरिंग लॉकडाउन, आपके जज्बात के साथ आदि समसामयिक स्तंभों का लेखन करके अपना रचनात्मक योगदान दिया है। उनका कहना है कि अंग्रेजी उनके कार्य क्षेत्र के लिए एक विषय है, लेकिन हिन्दी भाषा रगों में रची-बसी है और हरियाणवी मां बोली है।





### यहां से मिली मंजिल

आवाज के जादूगर रविन्द्र रवि ने बताया कि उनकी इस रचनात्मक यात्रा में जनवरी 2019 में एक नया पड़ाव उस समय आया, जब उन्होंने इसी परंपरा पर आधारित नवाचारी प्रकल्प प्रारंभ किया। बोलता साहित्य-विद रवि यादव नामक इस यूट्यूब चैनल के माध्यम से उन्होंने फिर नए प्रयोग करने शुरू किए। इसी माध्यम से वह अभी तक शताधिक लघुकथाएं, करीब एक दर्जन कहानियां, डेढ़ सौ से ज्यादा कविताएं, काफी ज्यादा संख्या में समीक्षाएं, संस्मरण, पत्र आदि रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर चुके हैं। वह विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन भी कर चुके हैं तथा प्रसारित संस्मरणों पर आधारित कुटुंब नामक एक ई-बुक भी लॉन्च कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कथा कहानी कार्यक्रम में 400 से ज्यादा लघुकथाओं का प्रसारण हुआ इसके साथ-साथ बड़ी कहानियां एवं कविताओं का भी प्रसारण रेडियो बोल हरियाणा पर हुआ। आधुनिक युग में लोक कला एवं संस्कृति को लेकर रविन्द्र कुमार रवि का कहना है कि हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत सदियों पुरानी और समृद्ध रही है। हरियाणा की लोक संस्कृति, कला, रंगमंच और साहित्य ने सदा से समाज को दिशा दी है। इस आधुनिक युग में भी लोक कला और संस्कृति ने अपना विशिष्ट स्थान बए रखा है।

### पुरस्कार और सम्मान

अपनी इस अनूठी साहित्यिक कला की साधना में जुटे रविन्द्र रवि को अनेक सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें प्रमुख रुप से बोल हरियाणा गौरव सम्मान, लघुकथा हितैषी सम्मान, हिंदी गूंज पुरस्कार, हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए हिन्दी सेवी सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में आउट स्टैंडिंग टीचर ऑफ डेल्ही शिक्षक सम्मान, वेस्ट दिल्ली जोनल बेस्ट टीचर अवॉर्ड, यूनेस्को के वर्ल्ड वाइड न्यूज लेटर में सम्मान के अलावा अनेक सामाजिक,साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से भी अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं।

## संस्कारम पब्लिक स्कूल के 45 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

# नीट में इशिता गुप्ता ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन 287वीं रैंक के साथ पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नीट परीक्षा परिणामों में संस्कारम् पब्लिक स्कूल खातीवास के 45 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने पांच सौ से अधिक अंक हासिल कर अपने स्कूल, अभिभावकों व क्षेत्र का नाम रोशन किया। संस्कारम् ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि उनके संस्थान की छात्रा इशिता गुप्ता ने 628 अंको के साथ ऑल इंडिया में 287वीं रैंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया है। अपने छात्र जीवन में नई ऊंचाइयों को छूते हुए इशिता ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके अलावा योगीता ने 99.2 परसेंटाइल, वैभव ने 98.7 परसेंटाइल, निधि ने 97.1 परसेंटाइल, लावन्या ने 96.5 परसेंटाइल, कोमल ने 96.2 परसेंटाइल, हन्नी ने 96.1 परसेंटाइल, ज्योति ने 93.2 परसेंटाइल, विभू ने 93.1 परसेंटाइल व वेदिका ने 92.1 परसेंटाइल प्राप्त कर सफलता हासिल की। उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया जिन्होंने उन्हें हर कदम पर उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों का कहना है कि उन्होंने कहीं बाहर से कोई कोचिंग नहीं ली, बल्कि अपने स्कूल में अध्यापको के मार्गदर्शन व स्वअध्ययन से यह मुकाम हासिल किया। चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।





झज्जर। होनहार छात्रा के घर पहुंच कर उसे पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य जितेंद्र सांगवान तथा अंशु को मिठाई खिलाते हुए निदेशक धर्मेंद्र जून। फोटो : हरिभूमि

## अंशु ढाका ने नीट परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- राष्ट्रीय स्तर पर 78वां रैंक प्राप्त कर अंशु ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल भदाना की छात्रा अंशु ढाका ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 720 में से 646 अंकों के साथ 93 परसेंटाइल प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 103 हासिल की है। स्कूल निदेशक धर्मेंद्र जून ने बताया कि सामान्य वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर 78वां रैंक प्राप्त कर अंशु ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह शुरू से ही विद्यालय की मेधावी छात्रा रही है। अंशु के पिता प्रदीप ढाका हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर झज्जर में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान में कक्षा 6 से ही विद्यार्थियों को फाउंडेशन कोर्स कराया जाता है, जो आगे चलकर नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। इस उपलब्धि पर निदेशक धर्मेंद्र जून ने स्कूल स्टॉफ सदस्यों व अंशु के अभिभावकों को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# सूरज स्कूल की नेहा ने 584 अंक प्राप्त कर पास की नीट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा का परिणाम घोषित किया, जिसमें सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया।

संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में नेहा ने 720 अंकों में से सर्वाधिक 584 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में खुशी ने 553 अंकों के साथ द्वितीय तथा रुचि ने 549 अंकों के साथ तृतीय, निखिल कुमार ने 547, काव्या ने 545, मनीष ने 541,



नेहा



खुशी

सुनील कुमार ने 540, प्रियांशु ने 538, अभिषेक ने 537, विष्णु ने 536, आकांक्षा ने 535, मेहा ने 534, विवेक ने 527, हिमांशी ने 525, समीक्षा ने 525, वैभव ने 525, सोमेश ने 520, नमन ने 518, शिवांगी ने 515, माणिक ने 515, हर्षिता ने 514, खुशी ने 513, तनीषा ने 510, हरमन ने 505, समीर ने 502, अविरल शर्मा ने 500, अभिनव ने 498, नेत्रपाल ने 496, सौम्या ने 495, पूजा ने 495, प्रियांशु ने 495, भूपेंद्र ने 493, विशेष ने 490, मेघा ने 487, आकाश ने 485, मुस्कान ने 480, कनक भारद्वाज ने 462 अंक एवं अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस अवसर पर संस्था के निदेशक संदीप प्रसाद ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से तथा कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास, अनुशासन के बल पर जीवन में बड़ी से बड़ी सफलता को प्राप्त किया जा सकता है।

## योगा मैराथन में भाग लेने कुरुक्षेत्र पहुंची आयुष विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अंतर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर रविवार को कुरूक्षेत्र में हुई योगा मैराथन में स्थानीय आयुष विभाग की टीम सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। टीम लीडर डॉक्टर काजल डबास ने बताया कि जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर राजकपूर व जिला कोर्डिनेटर डॉक्टर पवन देशवाल के नेतृत्व में पहुंची उनकी टीम ने सुबह पांच बजे हुई योगा मैराथन में भाग लिया। इस दौरान योग सहायक नवीन कायत, सुरेंद्र, योगा इंस्ट्रक्टर ममता, दीपक रोहिल्ला, योग सहायक ज्योति आदि उपस्थित रहे।




झज्जर। मैराथन के बाद एकत्रित आयुष विभाग के टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि




बहादुरगढ़। जीत के बाद खुशी जाहिर करते भोजराज। फोटो : हरिभूमि

## तीसरे नंबर पर रहे बीआरजी के भोजराज

बहादुरगढ़। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 5 किलोमीटर ओपन कैटेगरी रन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावक भोजराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि यह दौड़ फिटनेस के साथ ही मातृभाषा हिंदी को सम्मान देने के लिए आयोजित की गई। भोजराज की इस उपलब्धि पर बीआरजी के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी।



बहादुरगढ़। हवन में आहूति डालते समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## गोधन समिति ने सांखोल में किया हवन

बहादुरगढ़। गोधन सेवा समिति द्वारा रविवार को सांखोल उपचार केंद्र में हवन किया गया। सुदामा तायल ने हवन संपन्न करवाया। हवन में यजमान रहे दिनेश बंसल ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं से समिति काफी प्रभावित कर रही है। हवन में यशपाल गांधी, कृष्ण चावला, बिजेंद्र राठी, राजा जून, नीतीश गौड़, कैलाश अत्री व फौजी आदि ने भी आहुति डाली।




झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान।

## इनेलो कार्यकर्ता एक जुलाई से शुरू करेंगे यात्रा

झज्जर। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के जिला संगठन ने पार्टी को मजबूत बनाने का फैसला लिया है। इनेलो के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने रविवार को पार्टी कार्यालय में नव नियुक्त पदाधिकारियों की बैठक लेकर संगठन को लेकर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। इस दौरान कार्यालय सचिव पवन धनखड़, बलराज खरहर, रमेश चाहर, देवेंद्र, महेंद्र सैन ढाकला, सुरेश, अरविंद सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## फादर-डे पर विद्यार्थियों ने बनाए हैंड मेकिंग कार्ड

झज्जर। एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वर्ल्ड फादर-डे पर विद्यार्थियों से ऑनलाइन एक्टीविटी कराई गई। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच हैंड मेकिंग कार्ड, फोटो फ्रेम, एक्टिविटी ट्रॉफी मेकिंग व कोलाज मेकिंग कंपीटिशन कराया गया। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि जून माह के तीसरे रविवार को विश्वभर में फादर-डे मनाया जाता है। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को पितृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अभिभावकों के दिखाए मार्ग पर चलें। इस मौके पर स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# स्नातक कक्षाओं में दाखिलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए आवेदन करने का अंतिम दिन है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि विद्यार्थी अपने ऑनलाइन फार्म में कोई संशोधन करना चाहें तो अब 17 जून तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया किदस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन 22 जून तक होगी। ऑनलाइन वेरिफिकेशन के लिए कॉलेज में जाने की जरुरत नहीं है। यदि कोई ऑब्जेक्शन होगा तो एसएमएस से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर सूचना मिल जाएगी। आवेदक को ऑब्जेक्शन दूर करके ऑनलाइन फॉर्म में संशोधन करना होगा। सभी योग्य विद्यार्थियों की पूरी सूची 23 जून को जारी की जाएगी।

नेहरू कॉलेज में अब तक 1439 आवेदनः डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में यूजी कक्षाओं की 1200 सीटों के लिए रविवार शाम तक 1439 आवेदन किए गए हैं। इनमें से बीए की 480 सीटों के लिए 665, बीसीए की 80 सीटों के लिए 229, बीबीए की 80 सीटों के लिए 110, बीकॉम की 140 सीटों के लिए 102, बीएससी फिजिकल साइंस की 300 सीटों के लिए 125, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 138 और बीएससी गणित की 40 सीटों के लिए 70 आवेदन किए गए हैं।

### 26 को आएगी पहली मेरिट लिस्ट

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 25 जून को जारी होगी ताकि कोई आपत्ति हो तो उसे दूर कर दिया जाए। पहली फाइनल मेरिट लिस्ट 26 जून को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 27 जून से 30 जून तक फीस भर सकेंगे। दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट दो जुलाई को जारी होगी, जबकि फाइनल लिस्ट तीन जुलाई को आयेगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे चार जुलाई से सात जुलाई तक फीस भर सकेंगे।




झज्जर। राजकीय स्नातकोतर नेहरू महाविद्यालय भवन का फाईल फोटो। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। विजेता टीम खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

## शूटिंग चैंपियनशिप में झज्जर की महिला टीम बनी विजेता

झज्जर। पलवल के धतीर गांव में 14 से 15 जून तक आयोजित शूटिंग बाल चैंपियनशिप में जिले की लड़कियों की टीम ने जीत हासिल की है। एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के संरक्षक जेपी कादियान ने बताया कि इस चैंपियनशिप का उद्घाटन गांव के सरपंच दुष्यंत और एमेच्योर शूटिंग बॉल एसोसिएशन के प्रधान तस्वीर अहलावत, महासचिव मनोज कुमार हुड्डा, संरक्षक सुमित देशवाल और जिला शूटिंग बाल एसोसिएशन पलवल के प्रधान धीरेंद्र व सचिव मुकेश डागर ने संयुक्त रूप से किया। चैंपियनशिप में विशेष रूप से शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के ऑब्जर्वर सतीश सहरावत ने विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की। चैंपियनशिप के घोषित परिणामों में सीनियर वर्ग की लड़कों की टीम में फतेहाबाद प्रथम, हिसार द्वितीय व फरीदाबाद तृतीय रहा। जूनियर वर्ग में लड़कों की टीम में फतेहाबाद प्रथम, हिसार द्वितीय व भिवानी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर लड़कों में हिसार प्रथम, भिवानी द्वितीय फतेहाबाद तृतीय रहा। लड़कियों की सीनियर वर्ग टीम में झज्जर प्रथम, भिवानी द्वितीय व हिसार तृतीय रहा। जूनियर वर्ग व सब जूनियर वर्ग में भिवानी प्रथम, करनाल द्वितीय व हिसार तृतीय रहा। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश कुमार, भारतीय शूटिंग बाल टीम के कप्तान सुरेश कुमार बिश्नोई, लड़कियों में शर्मिला व अंशु देशवाल भी शामिल रहे। विजेता टीम खिलाड़ियों को मुख्यातिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।



झज्जर। कार्यक्रम के उपरांत पौधा हाथ में लिए हुए नीलम अहलावत एवं अन्य।

## हर मां के सम्मान में एक पेड़ जरूरी, ताकि भावी पीढ़ियों को मिले साफ हवा-पानीः अहलावत

झज्जर। क्षेत्र के गांव गोच्छी में डीघल मंडल की संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दी झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक की पूर्व चेयरपर्सन व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीलम अहलावत ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए 11 वर्षों के जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि मां धरती और अपनी जन्मदात्री मां दोनों के प्रति कर्तव्य निभाने का सबसे सरल, सुंदर और सशक्त तरीका है एक वृक्ष लगाना। यह सिर्फ हरियाली नहीं, हमारी आस्था और भविष्य की सुरक्षा है। हर मां के सम्मान में एक पेड़ जरूरी, ताकि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ जीवन मिले। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष सुशासन, पारदर्शिता और सेवा के प्रतीक हैं। यह समयकाल न केवल योजनाओं की घोषणाओं का, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन और जन-जन तक लाभ पहुंचाने की सशक्त यात्रा रहा है। इस दौरान संजय कबलाना, मनीष नंबरदार, मंडल अध्यक्ष बुद्धराम, जिला उपाध्यक्ष सीमा दहिया, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा राम अहलावत सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## जन नायक जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का आगाज




झज्जर। पार्टी में शामिल हुए युवाओं का पटका पहना कर स्वागत करते हुए जेजेपी कार्यकर्ता।

झज्जर। जन नायक जनता पार्टी कार्यालय में जिले के चारों हलकों की बैठक हुई। बैठक में प्रभारी कर्नल राठी व जिला सह प्रभारी नरेश द्वारका ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर सदस्यता अभियान को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे इस अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान संजय दलाल ने की। जिला प्रवक्ता डॉक्टर विकास ने कहा कि रविवार को पचास से अधिक युवाओं ने पार्टी में आस्था दिखाते हुए जजपा का पटका पहन कर पार्टी ज्वाइन की। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष उपेंद्र कादियान, महिला विंग की जिलाध्यक्षा शीला गोदारा, डॉक्टर नरेश दलाल, मास्टर रामचंद्र, राजू दलाल, मिंटू ठेकेदार, धर्मेंद्र गुलिया, मास्टर राजीव दलाल, संदीप अहलावत, मनोज पांचाल, कृष्ण सिलाना, नसीब सोनू, नसीब भारतीय, उद्धम दलाल, काले, रवि, धर्म कबलाना, प्रीतम कुकड़ौला, जय भगवान, धर्मबीर, नरेंद्र, राजेश, राकेश, मुकेश सिहाग, राजेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

भारत विकास परिषद द्वारा रविवार को माता भीमेश्वरी देवी मंदिर परिसर बेरी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने मुख्यातिथि तथा बीसीसीआई बहादुरगढ़ के सचिव पवन जैन ने विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाविप के प्रांतीय उपाध्यक्ष योगेश कौशिक ने की जबकि मंच संचालन जिला समन्वयक सतीश शर्मा द्वारा किया गया। समारोह के दौरान प्रदेश में दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बेरी ब्लॉक के सीआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्राओं रोमा, तानिया व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा इशु को उपहार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना और पवन जैन ने कहा कि हमें इन बेटियों पर गर्व है जिन्होंने प्रदेश के टॉप थ्री में अपनी जगह बनाई। कार्यक्रम अध्यक्ष योगेश कौशिक ने कहा कि भारत विकास परिषद मानव जीवन के सभी क्षेत्रों- संस्कृति, समाज, शिक्षा, नीति और राष्ट्र प्रेम में भारत के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। जिला सह समन्वयक प्रवीण शर्मा ने भारत विकास परिषद के परिचय बारे अवगत कराया। इस मौके पर मां भीमेश्वरी देवी मंदिर के पुजारी पंडित कुलदीप शर्मा, एसएन कौशिक, बीईओ रमेश चौहान, नप चेयरमैन बिल्लू पहलवान, पीताम्बर शर्मा, बेरी शाखा अध्यक्ष राजीव मित्तल, डॉक्टर कुलदीप जून, भाविप के प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी, बहादुरगढ शाखा अध्यक्ष रमेश गुप्ता, सचिव विजय पुन्हानी, विवेकानन्द शाखा अध्यक्ष मुरारी गोयल, सचिव नीरज गर्ग, बेरी शाखा सचिव राजेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रवीण कौशिक, पार्षद राजेश वत्स, डॉक्टर सुमित्रा धनखड़, दिनेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए डीईओ राजेश खन्ना। फोटो : हरिभूमि


**सार्वजनिक सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली**

केस नं० 525/NT. तिथि दायरा 30/01/2023 तिथि पेशी 24/07/25 मौजा मुनीमपुर कुकडीला तह० बादली जिला झज्जर

मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड हाल आबाद प्लॉट नं० 77-बी. तृतीय तल, सैक्टर-18, इफको मार्ग, गुरुग्राम-122015 (हरियाणा)। मार्फत अधिकृत प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री धूपसिंह।

......प्रार्थी

11. जिलेसिंह पुत्र नौबतराम पुत्र हरभजन, निवासी व बिस्वेदारान गाँव मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली व जिला झज्जर।

......उत्तरवादी

दरखास्त तकसीम बाबत भूमि खेवट नं0 232/145, 234/145, मौजा मुनीमपुर कुकडौला. जमाबंदी साल 2018-19 तह० बादली व जिला झज्जर।

सर्व साधारण को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड गुरुग्राम बनाम फूल सिंह आदि निवासीगण गांव तुनीमपुर कुकडीला, तहसील बादली, जिला झज्जर आधीन राजस्व अधिनियम मौजा मुनीमपुर कुकडौला, दरखास्त तकसीम बाबत भूमि के लिए इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस विज्ञापन प्रकाशन के माध्यम से उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान की तलबी की जाती है और उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान को हिदायत दी जाती है कि वह निश्चित तिथि 24/07/25 को निम्न हस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब/उजर के लिए असालतन/ वकालतान पेश होवे अन्यथा आपके विरुद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। यह समन/विज्ञापन आज दिनांक किया गया है। 28/05/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।

हस्ता/-सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली

**सार्वजनिक सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली**

केस नं० 506/NT. तिथि दायरा 10/06/24 तिथि पेशी 10/07/25 मौजा बीड़ दादरी तह० बादली जिला झज्जर

मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड हाल आबाद प्लॉट नं० 77-बी, तृतीय तल, सैक्टर-18, इफको मार्ग, गुरुग्राम-122015 (हरियाणा)। मार्फत अधिकृत प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री धूपसिंह।

.........प्रार्थी

बनाम

1. सुखमा (Stated Died) विधवा रतन सिंह पुत्र बलवन्त बजरिये वारसान 1(i) जगबीर पुत्र व 1(ii) कान्ता 1(iii) कमलेश पुत्रीयान धारासिंह पुत्र रतन सिंह 1 (iv) मीनू 1 (v) मन्जू 1 (vi) नेहा पुत्रीयान व 1 (vi) धर्मेन्द्र 1(viii) गोलू 1 (ix) रवि पुत्रान राजबीर पुत्र धारा सिंह पुत्र रतन सिंह। 1(x) शकुन्तला विधवा व 1(xi)) हरिन्द्र 1 (xii) हरमीत पुत्रान व 1 (xiii) बवली 1 (xiv) लवली पुत्रीयान सुखबीर पुत्र धारा सिंह पुत्र रतन सिंह। 1 (xv) श्रीमती कृष्णा विधवा व 1(xvi) भूपेन्द्र 1 (xvii) सुधीर पुत्रान अजीत पुत्र धारा सिंह पुत्र रतन सिंह। 1(xviii) प्रेमेन्द्र पुत्र अजयवीर पुत्र धारा सिंह पुत्र रतन सिंह। 1(xix) कौशल्या 1 (xx) निर्मला 1 (xxi) सुदेश पुत्रीयान व 1(sxii) कुलदीप 1 (xxiii) कुलवीर 1 (xxiv) कुलजीत 1(xxv) औमबीर 1 (xxvi) सन्जीत पुत्रान धनपति पुत्री रतन सिंह व 1 (xxvii) शिक्षा 1 (xxviii) शशि पुत्रीयान व 1 (xxix) कृष्ण पुत्रान अनार सिंह पुत्र रतन सिंह। 1(xxx) श्रीमती कमला विधवा व 1 (xxxi) सुमित पुत्र व 1 (xxxii) सुमन पुत्री सरवन पुत्र अनार सिंह पुत्र रतन सिंह। 1 (xxxiii) दीपक पुत्र धर्मपाल पुत्र रतन सिंह। 2. मनकौर (Stated Died) पुत्री रतन सिंह पुत्र बलवन्त बजरिये वारसान 2(i) राजपाल पुत्र मनकौर पुत्री रतनसिंह। उपरोक्त सभी निवासीयान गांव बादली व बिस्वेदारान गांव बीड़ दादरी, तहसील बाद ली व जिला झज्जर।

.........उत्तरवादीगण

**दरखास्त तकसीम बाबत भूमि खेवट नं0 14/15 मौजा बीड़-दादरी, जमाबन्दी साल 2021-2022, तहसील बादली जिला झज्जर।**

सर्व साधारण को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड गुरुग्राम बनाम सुखमा आदि निवासीगण गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर आधीन राजस्व अधिनियम मौजा बीड-दादरी दरखास्त तकसीम बाबत भूमि के लिए इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस विज्ञापन प्रकाशन के माध्यम से उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान की तलबी की जाती है और उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान को हिदायत दी जाती है कि वह निश्चित तिथि 10/07/25 को निम्न हस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब / उजर के लिए असालतन/वकालतान पेश होवे अन्यथा आपके विरुद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। यह समन / विज्ञापन आज दिनांक 28/05/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।

हस्ता/-सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली

**सार्वजनिक सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली**

केस नं० 531/NT. तिथि दायरा 13/11/2024 तिथि पेशी 10/07/25 मौजा बीड़ दादरी तह० बादली जिला झज्जर

मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड हाल आबाद प्लॉट नं० 77-बी, तृतीय तल, सैक्टर-18, इफको मार्ग, गुरुग्राम-122015 (हरियाणा)। मार्फत अधिकृत प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री धूपसिंह।

........प्रार्थी

बनाम

1. सुखमा (Stated Died) विधवा रतन सिंह पुत्र बलवन्त बजरिये वारसान 1(1) जगबीर पुत्र व 1(ii) कान्ता 1(iii) कमलेश पुत्रीयान धारासिंह पुत्र रतन सिंह 1 (iv) मीनू 1(v) मन्जू 1 (vi) नेहा पुत्रीयान व 1 (vii) धर्मेन्द्र 1(viii) गोलू 1(ix) रवि पुत्रान राजबीर पुत्र धारा सिंह पुत्र रतन सिंह। 1(x) शकुन्तला विधवा व 1 (xi) हरिन्द्र 1 (xii) हरमीत पुत्रान व 1 (xiii) बवली 1 (xiv) लवली पुत्रीयान सुखबीर पुत्र धारा सिंह पुत्र रतन सिंह। 1(xv) श्रीमती कृष्णा विधवा व 1 (xvi) भूपेन्द्र 1 (xvii) सुधीर पुत्रान अजीत पुत्र धारा सिंह पुत्र रतन सिंह। 1 (xviii) प्रेमेन्द्र पुत्र अजयवीर पुत्र धारा सिंह पुत्र रतन सिंह। 1 (xix) कौशल्या 1(xx) निर्मला 1 (xxi) सुदेश पुत्रीयान व 1(xxii) कुलदीप 1(xxiii) कुलवीर 1(xxiv) कुलजीत 1(xxv) औमबीर 1 (xxvi) सन्जीत पुत्रान धनपति पुत्री रतन सिंह व 1 (xxvii) शिक्षा 1 (xxviii) शशि पुत्रीयान व 1 (xxix) कृष्ण पुत्रान अनार सिंह पुत्र रतन सिंह। 1 (xxx) श्रीमती कमला विधवा व 1 (xxxi) सुमित पुत्र व 1 (xxxxii) सुमन पुत्री सरवन पुत्र अनार सिंह पुत्र रतन सिंह। 1(xxxiii) दीपक पुत्र धर्मपाल पुत्र रतन सिंह। 2. मनकौर (Stated Died) पुत्री रतन सिंह पुत्र बलवन्त बजरिये वारसान 2(i) राजपाल पुत्र मनकौर पुत्री रतनसिंह। उपरोक्त सभी निवासीयान गाँव बादली व बिस्वेदारान गांव बीड दादरी, तहसील बादली व जिला झज्जर।

.........उत्तरवादीगण

**दरखास्त तकसीम बाबत भूमि खेवट नं0 8/9 मौजा बीड़-दादरी, जमाबन्दी साल 2021-2022, तहसील बादली जिला झज्जर।**

सर्व साधारण को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड गुरुग्राम बनाम सुखमा आदि निवासीगण गांव बादली... तहसील बादली, जिला झज्जर आधीन राजस्व अधिनियम मौजा बीड- दादरी दरखास्त तकसीम बाबत भूमि के लिए इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस विज्ञापन प्रकाशन के माध्यम से उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान की तलबी की जाती है और उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान को हिदायत दी जाती है कि वह निश्चित तिथि 10/07/25 को निम्न हस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब / उजर के लिए असालतन/वकालतान पेश होवे अन्यथा आपके विरूद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। यह समन/विज्ञापन आज दिनांक 28/05/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।

हस्ता/-सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। गांव सांखोल के श्मशान में सफाई करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### सांखोल के श्मशान घाट में की सफाई

**बहादुरगढ़।** रविवार को गांव सांखोल में संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति और ग्राम पंचायत ने श्मशान घाट में सफाई अभियान चलाया गया। श्मशान घाट की बदतर हालत के कारण ग्रामवासियों के द्वारा लगातार इसकी सफाई की मांग की जा रही थी। इसी के चलते यह सफाई अभियान चलाया गया। समिति प्रधान संजय कलसन और कर्मबीर राठी ने बताया कि गांव के श्मशान घाट की सफाई कर जहां ग्रामीणों ने अपने धार्मिक और सामाजिक कर्तव्यों को पूरा किया। वहीं अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी। पंचायत सदस्य अनिल राठी ने बताया कि श्मशान घाट की सफाई निरंतर होती रहनी चाहिए। सभी ने 5 घंटे श्रमदान करके सफाई अभियान चलाया।

### गांव लोवा खुर्द में चल रही 10 से 14 साल के बच्चों की फुटबॉल लीग

# लड़कियों में इंडस ड्रीम्स ने लोवा खुद स्पोर्ट्स क्लब को 5-0 से हराया

■ अब अंडर-18 की फुटबॉल लीग भी होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव लोवा खुर्द में लव कुश फुटबॉल लीग के तीसरे सप्ताह में 16 मैच खेले गए। मैच का उद्घाटन कमेटी प्रधान नरेश कुमार ने किया। इन सभी मैचों में रेफरी की भूमिका तनी, नमन, आदि, आकाश, टीनू, निखिल, हर्षित व श्लोक ने निभाई। कोच सुदर्शन ने बताया कि अब इस लीग के साथ लड़कियों व लड़कों की अंडर-18 फुटबॉल लीग करवाई जाएगी। अंडर-10 आयुवर्ग में पहला मुकाबला एलकेएससी स्टार व लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब के बीच हुआ। जिसमें एलकेएससी ने यह मुकाबला 5-0 से जीत लिया। दूसरे मुकाबले में इंडस कीकर ने एलकेएससी को 4-1 से हराया, तीसरे मुकाबले में भापड़ौदा ने दुल्हेड़ा भी को 4-3 से हराया। चौथे मुकाबले में दुल्हेड़ा व इंदूज रैपिड का मुकाबला 2-2 से बराबरी पर रहा, इंदूज़ आयरन ने खेडी जट को 5-0 से हराया, दुल्हेड़ा ए और दुल्हेड़ा बाई का मैच 2-2 की बराबरी पर रहा। अंडर-12 आयुवर्ग में इंडस ड्रीम्स ने लोवा खुद स्पोर्ट्स क्लब गर्ल्स को 5-0 से हराया, इंडस स्टॉर्म ने इंडस काइट को 4-1 से हराया, दुल्हेड़ा ने एलकेएससी को 2-0 से हराया, एलकेएससी स्टार ने खेडी जट को 2-0 से हराया, सिटी बहादुरगढ़ फुटबॉल क्लब व दुल्हेडा का मैच 0-0 पर बराबरी पर रहा। अंडर-14 आयुवर्ग में सिटी बहादुरगढ़ फुटबॉल क्लब व लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब के बीच 3- 3 की बराबरी पर रहा, दूसरा मुकाबला इंदूज सैन ने भापड़ौदा टीम को 4-0 से हराया, तीसरे मुकाबले में बाबा भोला फुटबॉल क्लब ने इंदूज डव को 6-1 से हराया, चौथे मुकाबले में दुल्हेड़ा ने जहांगीरपुर को 2-0 से हराया। खेल समिति में लाल मास्टर, विक्की मास्टर, बीजे, विपिन रोबिन, नरेश आदि ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर बुजुर्ग कोच मंगतराम, कोच प्रशांत व अरूप दास आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। फुटबॉल मैच में गोल करने का प्रयास करते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

## रेखाचित्र के माध्यम से किया पिता पुत्र के प्यार को प्रदर्शित



झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया विशाल रेखाचित्र। फोटो :हरिभूमि

■ विश्व में पहली बार फादर्स डे अमेरिका में 19 जून 1910 में मनाया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने वर्ल्ड फादर्स-डे पर एक रेखाचित्र के माध्यम से पिता पुत्र के प्यार को प्रदर्शित किया। मुकेश शर्मा ने बताया कि विश्व में पहली बार फादर्स डे अमेरिका में 19 जून 1910 में मनाया गया था। तभी से प्रतिवर्ष जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे पूरे विश्व में बड़े-हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस चौपाल रंगोली में देवीदत शर्मा, सुभाष शर्मा, सौरव वशिष्ठ, नसीब कौशिक, सचिन कौशिक, अमन, केशव शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## सीवरेज समस्या से परेशान हैं वार्ड-15 के निवासी


बहादुरगढ़। ब्लॉक सीवर से निकलता पानी दिखाते स्थानीय निवासी। फोटो :हरिभूमि

■ कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के वार्ड-15 की पालिका कालोनी, बसंत विहार, संजय कालोनी व किला मोहल्ला में सीवर जाम होने के कारण लोग पिछले लंबे समय से नरकीय जीवन जी रहे हैं। बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। वार्ड-15 निवासी देवेंद्र, सुमित, सुरेश, पंकज, रवींद्र, रिंकू राठी, रणबीर, प्रीति रोहिल्ला, अंजलि, गुडिया, प्रियंका, राधा, सुमन व शालिनी आदि ने बताया कि उनके इलाके में सीवर व्यवस्था जर्जर हो गई है। सीवर ब्लॉक होने के कारण गलियों में गंदा पानी भर जाता है और लोगों को वहां से गुजरना पड़ता है। गंदे पानी के कारण बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। कई बार इस समस्या की शिकायत जनस्वास्थ्य एवं अभियंत्रिकी विभाग के अधिकारियों तथा पोर्टल पर भी की जा चुकी है। लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। अधिकारी केवल समस्या हल करवाने का आश्वासन देकर उन्हें बैरंग लौटा देते है। काफी मिन्नतों के बाद सीवरेज की सफाई करवाई जाती है, लेकिन कुछ समय बाद ही सीवर फिर से जाम हो जाते हैं। पार्षद प्रीति राठी के पति भूपेंद्र राठी ने बताया कि कई बार पोर्टल पर शिकायत की जा चुकी है। विभाग के स्थानीय कार्यालय में भी अधिकारियों से इसकी शिकायत की जा चुकी है। लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकाला गया है। स्थानीय निवासियों को बद से बदतर हालात में जीना पड़ रहा है। उन्होंने स्थानीय निवासियों की इस समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

## जितेंद्र लठवाल को किया सम्मानित

■ यूपीएससी द्वारा आयोजित सीएपीएफएसी की परीक्षा में हासिल की 46वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

यूपीएससी द्वारा आयोजित सीएपीएफ एसी की परीक्षा में बहादुरगढ़ के जितेंद्र लठवाल ने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया 46वीं रैंक हासिल की है। शनिवार देर शाम ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में प्रेक्टिस करने वाले वरिष्ठ नागरिकों ने उसे सम्मानित किया और रविवार सुबह चेयरपर्सन सरोज राठी ने जितेंद्र के घर जाकर उसे सम्मानित किया। बता दें कि जितेंद्र लठवाल ने अपनी स्कूली शिक्षा एसआर सेंचुरी स्कूल से पूरी की। उसके बाद इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में एनआईटी कुरुक्षेत्र से ग्रेजुएशन की। उसके बाद उन्होंने 8 महीने से अधिक टाइम तक अमेरिकन एक्सप्रेस में डाटा एनालिसिस की नौकरी की। इस दौरान यूपीएससी द्वारा आयोजित सीएपीएफ एसी की परीक्षा में जितेंद्र ने ऑल इंडिया लेवल पर 46वीं रैंक हासिल की है। शनिवार देर शाम ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में रणधीर दहिया, मास्टर अतर सिंह, भरपूर दलाल, सोल्हा पहलवान, देवेंद्र राठी, कैलाश गर्ग, मुकेश बंसल, अशोक मित्तल, नरेंद्र मित्तल, अमरनाथ शर्मा, आयुष, सुरेश लठवाल, संदीप, बलवान सिंह, महाबीर सिंह, घनश्याम गोयल, अमृतलाल, बलवान मास्टर आदि ने जितेंद्र का स्वागत-सम्मान किया। रविवार सुबह चेयरपर्सन सरोज राठी ने जितेंद्र को सम्मानित करते हुए कहा कि उसने बहादुरगढ़ क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। युवा अपनी मेहनत की बदौलत यूपीएससी सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे है। उन्होंने जितेंद्र के पिता नरेंद्र लठवाल व मां अनीता देवी समेत सभी परिजनों को इस सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर पार्षद राजेश तंवर, मनमोहित गुप्ता, संदीप कुमार, भरत सिंह बागड़ी व जगबीर फौजी आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। स्टेडियम में जितेंद्र का अभिनंदन करते रणधीर दहिया व अन्य। फोटो :हरिभूमि


बहादुरगढ़। जितेंद्र लठवाल का सम्मान करती चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य।

## बीआरजी मना रहा योग वीक महोत्सव

बहादुरगढ़। हर वर्ष की तरह इस बार भी बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप द्वारा /"अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह/" के उपलक्ष्य में सेक्टर-9 स्थित बीआरजी पॉइंट पर "योग वीक महोत्सव" का आयोजन किया गया है। बीआरजी के 21 समर्पित सदस्य प्रतिदिन 21 सूर्य नमस्कार करके समाज को प्रेरणा दे रहे हैं। योग प्रशिक्षक शिव कुमार व योग विशेषज्ञ प्रवीण सांगवान के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में पश्चिमोत्तानासन, हलासन, ताड़ासन, भद्रासन, नाड़ी शोधन, उज्जायी व उद्गीथ प्राणायाम जैसे अभ्यास कराए जा रहे हैं। यह विशेष शिविर 21 जून तक प्रतिदिन सुबह साढ़े 5 बजे से लग रहा है। बीआरजी के संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि योग न केवल शरीर बल्कि मस्तिष्क को भी सशक्त बनाता है। एक अमेरिकी शोध के अनुसार केवल 20 मिनट का योग अभ्यास भी मानसिक लाभ में घंटों की ट्रेडमिल दौड़ के बराबर होता है। कैंप में ब्रह्मप्रकाश मान, सोनिया शर्मा, मीनाक्षी दुबे, मंजू श्रीवास्तव, सपना, हितेश अहलावत, गुलाब सिंह, विनीत, रमेश शर्मा, संत कुमार, यश, सुमन, अंजली, विनय, गुलाब सिंह सहित अन्य सदस्य प्रतिदिन अपनी भागीदारी से आयोजन को सफल बना रहे हैं। उन्होंने आमजन से योग और प्राणायाम के माध्यम से समाज को निरोगी और मानसिक रूप से मजबूत बनाने का आह्वान किया।


बहादुरगढ़। सेक्टर-9 में योगाभ्यास करते बीआरजी के सदस्य। फोटो :हरिभूमि


मौके पर एकत्रित भीड़ और बाहर रखा हुआ पानी से निकाला गया शव।

### अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस पर मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव अकेहड़ी मदनपुर पंप हाउस में एक युवक का शव मिला है। पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों ने जब पानी बहते हुए शव को देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा कर्मचारियों की सहायता से शव को पानी से बाहर निकाला गया। मामले के जांच अधिकारी जगबीर ने बताया कि मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया जिसने आवश्यक साक्ष्य जुटाए। प्रथम दृष्ट्या मृतक की उम्र 25 से 30 वर्ष आंकी जा रही है। अधिक दिनों तक पानी में रहने के कारण शव गली-सड़ी हालत में है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त के लिए आगामी 72 घंटों के लिए शव को स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।

### मांडोठी में गिनवाई मोदी राज की उपलब्धियां

**बहादुरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा की तरफ से विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की जा रही हैं। रविवार को गांव मांडोठी में हुई संकल्प सभा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक व नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी सहित अन्य नेताओं ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। सरकार की योजनाओं ने देश के गरीब व्यक्ति के मन में भी सम्मान और सुरक्षा का भाव भरा है। गरीबों को बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। मोदी के नेतृत्व में नया भारत दुश्मन को युद्धक्षेत्र में कुचलना भी जानता है। किसानों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। सरोज राठी ने कहा कि भाजपा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को पूरी परदर्शिता से लागू कर रही है। इससे एक मजबूत और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर दिनेश शेखावत, भीम सिंह प्रणामी, महाबीर दलाल, मनीष दलाल, धीरेंद्र पहलवान, ओमवीर, समुंदर, ईश्वर, रमेश व नरेश रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। मांडोठी में मोदी सरकार की उपलब्धियां बताते भाजपा नेता। फोटो :हरिभूमि

## प्रीपेड मीटरों के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान


बहादुरगढ़। लाइनपार में अभियान चलाते मंच के कार्यकर्ता व समर्थक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बिजली उपभोक्ता मंच बहादुरगढ के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने लाइनपार के इलाकों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की योजना के खिलाफ जनसंपर्क अभियान चलाया। बिजली कानून 2003 को रद्द करने और स्मार्ट मीटर स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग के लिए ज्ञापन पर हस्ताक्षर करवाए गए। शंकर गार्डन, आजाद चौक व कमल विहार में अभियान चलाते हुए राजेंद्र, अमित कुमार सिंह, बलजीत, राजबीर छिल्लर, रामकिशन, शिव कुमार व सुशील ने सरकार की बिजली नीति की निंदा की। मंच के कार्यकर्ताओं ने बताया कि सरकार का यह क़दम बिजली क्षेत्र को पंजीपतियों के हाथों में सौंपने की तैयारी है। इससे सभी तरह की सब्सिडी खत्म हो जाएंगी तथा गरीब उपभोक्ता का संकट बढ़ जाएगा। निजीकरण के बाद बिजली गरीब लोगों की पहुंच से बाहर हो जाएगी। उपभोक्ताओं ने एक स्वर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना निरस्त करवाने की पुरजोर अपील की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### नैनीताल में हुए काव्य महोत्सव में दोनों की रचनाओं से प्रभावित हुए कला प्रेमी

# उत्तराखंड में सम्मानित हुए बहादुरगढ़ के राघव व ईशा

■ दो दिवसीय कार्यक्रम में अलग अलग राज्यों के कई बड़े साहित्यकारों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उत्तराखंड के नैनीताल स्थित आंवलाकोट में अमन कला केंद्र द्वारा उत्तराखंड काव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस काव्य महोत्सव में बहादुरगढ़ के कवि कुमार राघव और कवयित्री ईशा मालू ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। काव्य महोत्सव ने जहां उनके काव्य पाठ पर जमकर तालियां बजी और उन्हें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उत्तराखंड के राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, मंजीत सिंह राजू, पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार और मनोज जैन ने काव्य महोत्सव में शिरकत की। वरिष्ठ हास्य कवि सरदार प्रताप फौजदार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अमन कला केंद्र से प्रसिद्ध कवि डॉ. सुरेंद्र जैन और अमन सब्बरवाल ने कार्यक्रम का आयोजन किया। महोत्सव में कुमार राघव व ईशा मालू ने अपने काव्य पाठ से देवभूमि उत्तराखंड में बहादुरगढ़ व हरियाणा का नाम रोशन किया। कवि कुमार राघव ने बताया कि कार्यक्रम में अलग अलग राज्यों के बड़े साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। दूरदराज से आए कवियों ने अपनी कविता के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बहादुरगढ़ के रचनाकारों ने भी नैनीताल में अमन कला केंद्र द्वारा कवयित्री ईशा मालू और कवि कुमार राघव को दिए गए सम्मान के लिए बधाई दी।






बहादुरगढ़। नैनीताल में कुमार राघव को सम्मानित करते आयोजक, ईशा मालू को सम्मानित करते अमन कला केंद्र के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि